11113CH11

# अपूर्ण अभिलेखों से खाते

# 11

अब तक हमने व्यावसायिक फर्मों के लेखांकन प्रलेखों का अध्ययन किया है जो कि पुस्त-पालन की द्विप्रविष्टि प्रणाली को अपनाते हैं। इससे हमें यह अनुभव होता है कि सभी व्यावसायिक इकाइयाँ इस प्रणाली को अपनाती हैं। हालाँकि व्यवहार में, सभी फर्म लेखांकन अभिलेखों को द्विप्रविष्टि प्रणाली के अनुसार नहीं रखती हैं। बहुत से छोटे-छोटे उद्यम अपने लेन-देनों के अभिलेखों को आंशिक रूप से ही रखते हैं। लेकिन वर्ष के अंत में फर्म के लिए लाभ अथवा हानि को ज्ञात करना तथा वित्तीय स्थिति को आंकना आवश्यक है। यह अध्याय अपूर्ण प्रलेखों से फर्म की वित्तीय स्थिति और लाभ-हानि के निर्धारण से संबंधित है।

**अध्ययन की सामग्री**

इस अध्याय के अध्ययन के उपरांत आप:

- अपूर्ण अभिलेखों का अर्थ एवं विषेशताएं बता सकेंगे;
- अवस्था विवरण द्वारा लाभ-हानि की गणना कर सकेंगे;
- अवस्था विवरण व तुलन-पत्र में अन्तर कर सकेंगे;
- अपूर्ण खातों से व्यापारिक लाभ-हानि खाता और तुलन-पत्र तैयार कर सकेंगे;
- संबधित खातों को बनाकर अनुपलब्ध डाटा तथ्यों सूचनाओं को ज्ञात कर सकेंगे।

## 11.1 अपूर्ण अभिलेखों का अर्थ

लेखांकन अभिलेख जो कि द्विप्रविष्टि प्रणाली के अनुसार नहीं बनाए जाते अपूर्ण अभिलेख कहलाते हैं। यद्यपि कुछ लोग इसे एकल प्रविष्टि प्रणाली भी कहते हैं। हालाँकि एकल प्रविष्टि प्रणाली एक मिथ्या प्रणाली है क्योंकि इस प्रकार लेखांकन अभिलेख तैयार करने की कोई प्रणाली नहीं होती है, तथा द्विप्रविष्टि प्रणाली की यह कोई वैकल्पिक अथवा संक्षिप्त विधि भी नहीं है। यह अभिलेखों के रख-रखाव की एक ऐसी कार्यविधि है जिसके अन्तर्गत कुछ लेन-देनों का अभिलेखन उपयुक्त *नाम* एवं *जमा* मदों से किया जाता है, जबकि कुछ अन्य लेन-देनों के अभिलेखन के लिये एक अथवा कोई भी प्रविष्टि नहीं की जाती है। समान्यत: इस प्रणाली के अन्तर्गत रोकड़ और देनदारों एवं लेनदारों के व्यक्तिगत खातों का अभिलेख तैयार किया जाता है। परिसंपत्तियों, देयताओं, व्ययों और आगमों से संबंधित अन्य सूचनाओं को आंशिक रूप से अभिलेखित किया जाता है। अत: इन्हें सामान्य तौर पर अपूर्ण अभिलेख कहते हैं।

© NCERT not to be republished

### *11.1.1 अपूर्ण अभिलेखों की विशेषताएं*

लेन–देनों को आंशिक रूप से अभिलेखित करने के कारण लेख अपूर्ण होते हैं जैसे कि छोटे दुकानदार या ठेलेवाले और सड़क पर माल विक्रय करने वाले आदि, इस प्रकार के उदाहरण में आते हैं। बड़े पैमाने के संगठनों के संदर्भ में लेखांकन अभिलेखों की अपूर्णता की स्थिति विभिन्न कारणों से उत्पन्न होती है, जैसे प्राकृतिक आपदा, अगजनी, चोरी, आदि। अपूर्ण लेखों कि विशेषताएं निम्न हैं:

(क) यह सौदों को अभिलेखित करने की विधिवत प्रक्रिया नहीं है।

(ख) सामान्यतया नकद लेन–देनों और व्यक्तिगत खाते विधिवत रखे जाते हैं, और आगम और अधिलाभों, व्ययों और हानियों, परिसम्पतियों एवं दायित्व से संबंधित सूचनाएँ नहीं रखी जाती हैं।

(ग) रोकड़ पुस्तक में स्वामी के व्यक्तिगत लेन–देनों को दर्शाया जा सकता है।

(घ) विभिन्न सस्थाएं अपनी सुविधा व अवश्यकताओं के अनुसार अभिलेखों को रखती हैं और एकरूपता का आभाव होने के कारण ऐसे लेखे तुलनीय नहीं होते हैं।

(ड.) लाभ अथवा हानि की गणना अथवा किसी अन्य सूचना को प्राप्त करने के लिये आवश्यक आंकड़े केवल मौलिक प्रमाणकों से ही उपलब्ध किये जा सकते हैं, जैसे विक्रय बीजक, क्रय बीजक आदि। अत: मौलिक प्रमाणकों पर निर्भरता अपरिहार्य है।

(च) इस प्रणाली के अंन्तर्गत लाभ अथवा हानि की गणना उच्चस्तरीय शुद्धता से नहीं हो पाती है। क्योंकि उपलब्ध लेखों से लाभ अथवा हानि का अनुमान ही लगाया जा सकता है। तुलन–पत्र भी परिसम्पत्तियों एवं देयताओं की पूर्ण एवं सही स्थिति को नहीं दर्शाता है।

## 11.2 अपूर्णता के कारण और सीमायें

व्यवहार में अक्सर यह देखा गया है। कि निम्नलिखित कारणों से व्यापारी अपूर्ण लेखे रखते हैं:

(क) लेखांकन सिद्धांतों के ज्ञान के आभाव में ये यह प्रणाली व्यक्तियों द्वारा अपनाई जाती है।

(ख) यह प्रलेखों के रख रखाव की मितव्ययी विधि है। इसकी लागत कम होती है क्योंकि सस्थाओं द्वारा विशिष्ट लेखापालों की नियुक्ति नहीं की जाती है।

(ग) प्रलेखों के रख–रखाव के लिये कम समय लगता है क्योंकि केवल कुछ पुस्तकें बनाई जाती हैं।

(घ) यह प्रलेखों के रख–रखाव की सरल विधि है क्योंकि व्यपार के स्वामी द्वारा केवल आवश्यक सौदों को अभिलेखन किया जाता है।

लेखांकन प्रलेखों की अपूर्णता की अनेक सीमायें हैं यह विस्तृत रूप से कहा जा सकता है कि जब तक एक सुचारू व्यवस्था द्वारा प्रलेखों का रख–रखाव नहीं किया जाता है तब तक विश्वसनीय वित्तीय विवरण तैयार नहीं किये जा सकते हैं। संक्षिप्त रूप में अपूर्ण लेखों की सीमायें निम्नलिखित हैं:

(क) चूँकि द्वि–प्रविष्टि प्रणाली का पालन नहीं होता है इसलिए गणितीय शुद्धता की जाँच नहीं हो पाती है। ऐसी स्थिति में तलपट तैयार नहीं किया जा सकता है।

© NCERT not to be republished

(ख) व्यावसायिक क्रियाकलापों के वित्तीय परिणामों का मूल्यांकन और सही निर्धारण नहीं हो पाता है।

(ग) व्यवसाय की लाभप्रदता, तरलता और शुद्धीश्मता का विश्लेषण नहीं किया जा सकता है। इस कारण से बाहरी स्त्रोतों से कोषों की व्यवस्था भावी व्यावसायिक क्रियाओं के नियोजन में समस्या उत्पन्न होती है।

(घ) चोरी अथवा आगजनी के कारण स्टॉक में हानि की स्थिति में स्वामियों द्वारा बीमा कम्पनी से दावा करने में कठिनाई आती है।

(ड.) गणना की गई आय की विश्वसनीयता के लिये आयकर अधिकारियों को संन्तुष्ट करना कठिन हो जाता है।

## 11.3 लाभ व हानि का निर्धारण

किसी भी व्यवसाय की असफलता, सफलता और कार्य कुशलता का मूल्यांकन करने के लिए व्यावसायिक क्रियाओं के परिणामों को जानना अत्यावश्यक है इससे वित्तीय विवरणों को तैयार करने की आवश्यकता को बल मिलता है, जिससे निम्नांकित तथ्यों को उद्धृत किया जा सकता है:

(क) एक निश्चित अवधि के दौरान अर्जित लाभ या हानि।

(ख) लेखांकन अवधि में अंतिम तिथि को परिसंपत्तियों एवं देयताओं की राशि को दर्शाना।

अत: इस परिस्थिति में एक लेखांकन वर्ष के लिए लाभ अथवा हानि की गणना कैसे की जाए तथा व्यावसायिक इकाई की वित्तीय स्थिति का निर्धारण उस वर्ष के अंत में कैसे किया जाए, इस प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को दो प्रकार से सुलझाया जा सकता है:

1. व्यापारिक और लाभ व हानि खाता तथा तुलन-पत्र तैयार कर लेखांकन प्रलेखों को उचित क्रम में रखना।
2. लेखांकन वर्ष के अंत तथा प्रारंभ में अवस्था विवरण तैयार करना।

### *11.3.1 अवस्था विवरण का निर्माण*

इस विधि के अंतर्गत परिसंपत्तियाँ एवं देयताओं का विवरण तत्संबंधित लेखांकन वर्ष के प्रारम्भ एवं अंत में बनाया जाता है ताकि अवधि के अंत में पूँजी में परिवर्तन ज्ञात किया जा सके। इसको अवस्था विवरण कहते हैं क्योंकि यह एक तरफ परिसंपत्तियों को तथा दूसरी और देयताओं को दर्शाता है जैसा की तुलन-पत्र में होता है। दोनों पक्षों के योग के अंतर को पूँजी कहते हैं। (देखिये चित्र 11.1)

यद्यपि अवस्था विवरण तुलन-पत्र के समतुल्य होता है किन्तु यह तुलन-पत्र नहीं है क्योंकि डाटा पूर्ण रूप से खाता शेष पर आधारित नहीं होते हैं। स्थायी परिसंपत्तियों, बकाया व्यय, बैंक शेष आदि मदों की राशि का निर्धारण प्रासंगिक दस्तावेजों और मौलिक गणना के आधार पर की जाती है।

© NCERT not to be republished

**------ तिथि को अवस्था विवरण**

| *दायित्व* | *राशि (रु.)* | *परिसम्पत्तियां* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|
| देय विपत्र<br>लेनदार<br>बकाया व्यय<br>पूँजी (शेष राशि)* | | भूमि व भवन<br>मशीनरी<br>फर्नीचर<br>स्टॉक<br>देनदार<br>रोकड़ व बैंक<br>पूँजी (शेष राशि)* | |

*नोट*: *जब दायित्व का जोड़, परिसम्पत्तियों के जोड़ से अधिक होगा, पूँजी का परिसम्पत्तियों में दिखाया जायेगा व यह पूँजी के नाम शेष को प्रदर्शित करेगा

**प्रदर्श 11.1:** *अवस्था विवरण का प्रारूप*

अवस्था विवरण की सहायता से आरंभिक एवं अंतिम पूँजी के निर्धारण के पश्चात वर्ष के दौरान उचित लाभ अथवा हानि की गणना के लिये लाभ–हानि विवरण तैयार किया जाता है। पूँजी में, दो बिन्दुओं का अंतर अर्थात प्रारंभिक एवं अंतिम स्वामित्व पूँजी, यह प्रदर्शित करती है कि अभिवृद्धि या कमी स्वामी द्वारा आहरण के माध्यम से समायेजित की गई है अथवा स्वामी द्वारा लेखांकन वर्ष के दौरान व्यापारिक क्रियाओं के कारण नई पूँजी लगाई गई है।

लाभ व हानि विवरण निम्न प्रकार तैयार किया जाता है।

**समाप्त होने वाले वर्ष के अन्त में लाभ व हानि विवरण**

| | *विवरण* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|
| | वर्ष के अन्त में पूँजी (अवस्था विवरण से वर्ष के अन्त में गणना) | |
| *जोड़ा* | वर्ष के दौरान आहरण | |
| *घटाया* | वर्ष के दौरान अतिरिक्त पूजी लगाना | |
| | वर्ष के अन्त में समायोजित पूँजी | |
| *घटाया* | वर्ष के आरम्भ में पूँजी<br>(अवस्था विवरण से वर्ष के आरम्भ में गणना) | |
| | वर्ष दौरान लाभ अथवा हानि | |

**प्रदर्श 11.2:** *लाभ–हानि विवरण का प्रारूप*

यदि शेष सकारात्मक है तो वर्ष के दौरान अर्जित लाभ को प्रदर्शित करेगा लेकिन नकारात्मक शेष होने पर यह फर्म की हानि को इंगित करेगा। इसे लेखांकन समीकरण के रूप में इस प्रकार से व्यक्त कर सकते हैं:

लाभ आथवा हानि = अंतिम पूँजी – आरंभिक पूँजी + वर्ष के दौरान आहरण – वर्ष के दौरान लगाई पूँजी

उदाहरण के लिये निम्न सूचनायें जो शितू के प्रलेखों से ली गई है:

| | रु. |
|---|---|
| वर्ष के आरम्भ में पूँजी 01 अप्रैल, 2016 | 1,20,000 |
| वर्ष के अंत में पूँजी 31 मार्च, 2017 | 2,00,000 |
| वर्ष के दौरान लाई गई पूँजी | 50,000 |
| वर्ष के दौरान एक स्वामी द्वारा पूँजी का आहरण | 30,000 |

वर्ष के लाभ की गणना निम्न प्रकार की जायेगी:

दी गई अवधि में कमाये गये लाभ अथवा हानि की गणना इस प्रकार की जायेगी:

| | *विवरण* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|
| | 31 मार्च 2017 को पूँजी | 2,00,000 |
| *जोड़ा* | वर्ष के दौरान आहरण | 30,000 |
| | | 2,30,000 |
| *घटाया* | वर्ष के दौरान अतिरिक्त पूँजी | (50,000) |
| | 31 मार्च 2017 को समायोजित अंतिम पूँजी | 1,80,000 |
| *घटाया* | 01 अप्रैल 2016 वर्ष के आरम्भ में पूँजी | (1,20,000) |
| | वर्ष के दौरान लाभ | 60,000 |

*उदाहरण 1*

श्री मेहता ने 01 अप्रैल 2016 को 50,000 रुपये की पूँजी लगाकर तैयार वस्त्र का व्यापार आरम्भ किया तथा अपनी पुस्तकों को द्विप्रविष्टि प्रणाली के अंतर्गत नहीं रखा। वर्ष के दौरान 15,000 रूपये की अतिरिक्त पूँजी व्यापार में निवेश की गई । अपने निजी उपयोग के लिए 10,000 रु. का आहरण किया। 31 मार्च 2017 को उसकी स्थिति निम्न प्रकार है।

कुल लेनदार 90,000 रु.; कुल देनदार 1,25,600 रु.; रहतियां 24,750 रु.; बैंक रोकड़ 24,980 रु. अवस्था विवरण विधि के द्वारा श्री मेहता के व्यापार का वर्ष के दौरान लाभ अथवा हानि की गणना करें

***हल***

**श्री मेहता की पुस्तक**

**31 मार्च 2017 को अवस्था विवरण**

| *दायित्व* | *राशि (रु.)* | *परिसम्पत्तियाँ* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 90,000 | बैंक में रोकड़ | 24,980 |
| पूँजी | 85,330 | देनदार | 1,25,600 |
| (शेष राशि) | | स्टॉक | 24,750 |
| | 1,75,330 | | 1,75,330 |

**31 मार्च 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ अथवा हानि का विवरण**

| | *विवरण* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|
| | 31 मार्च 2017 को पूँजी | 85,330 |
| *जोड़ा* | वर्ष के दौरान आहरण | 10,000 |
| | | 95,330 |
| *घटाया* | वर्ष के दौरान अतिरिक्त पूँजी का निवेश | (15,000) |
| | 31 मार्च 2017 को वर्ष को अन्त में समायोजित पूँजी | 80,330 |
| *घटाया* | 01 अप्रैल 2016 को वर्ष के आरंभ में पूँजी | (50,000) |
| | वर्ष के दौरान लाभ | 30,330 |

*उदाहरण 2*

श्रीमती वन्दना एक छोटी छपाई प्रेस चलाती है। वह केवल वही अभिलेख तैयार करती है जो व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक है। 1 अप्रैल 2016 को उनकी परिसंपत्तियों तथा देयताओं संबंधी सूचनाएँ इस प्रकार थीं:

छपाई प्रेस 5,00,000 रु., भवन 2,00,000 रु. स्टॉक 50,000 रु., बैंकस्थ रोकड़ 65,600 रु., हस्तस्थ रोकड़ 7,980 रु., ग्राहकों से देय राशि 20,350 रु., लेनदारों का देय राशि 75,340 रु. बकाया मजदूरी 5,000 रु. व्यक्तिगत व्ययों की पूर्ति हेतु वह प्रतिमाह 8,000 रु. आहरित करती है, लेखा वर्ष के दौरान उनके द्वारा 15,000 रु. के अतिरिक्त पूँजी लगाई। 31 मार्च 2017 को उनकी स्थिति इस प्रकार थी।

प्रैस 5,25,000 रु., भवन 2,00,000 रु., स्टॉक 55,000 रु., बैंकस्थ रोकड़ 40,380 रु., हस्तस्थ रोकड़ 15,340, ग्राहकों से देय राशि 17,210 रु., लेनदारों को देय राशि 65,680 रु.।

*हल*

**श्रीमती बंदना की पुस्तकें**
**1 अप्रैल 2016 को व 31 मार्च 2017 को अवस्था विवरण**

| *दायित्व* | *01 अप्रैल 2016* | *31 मार्च 2017* | *संपत्तियाँ* | *1 अप्रैल 2016* | *31 मार्च 2017* |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | 75,340 | 65,680 | छापाई प्रेस | 5,00,000 | 5,25,000 |
| बकाया मजदूरी | 5,000 | – | भवन | 2,00,000 | 2,00,000 |
| पूँजी (शेष राशि) | 7,63,590 | 7,87,250 | देनदार | 20,350 | 17,210 |
| | | | स्टॉक | 50,000 | 55,000 |
| | | | बैंक में रोकड़ | 65,600 | 40,320 |
| | | | हस्तस्थ रोकड़ | 7,980 | 15,540 |
| | 8,52,930 | 8,52,930 | | 8,52,930 | 8,52,930 |

© NCERT not to be republished

**31 मार्च 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिये लाभ व हानि का विवरण**

| | *विवरण* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|
| | 31 मार्च 2017 को पूँजी | 7,87,250 |
| *जोड़ा* | वर्ष के दौरान आहरण | 96,000 |
| | | 8,83,250 |
| *घटाया* | वर्ष के दौरान अतिरिक्त पूँजी | (15,000) |
| | वर्ष के अन्त में समायोजित पूंजी (31 मार्च 2017) | 8,68,250 |
| *घटाया* | 01 अप्रैल 2016 को पूँजी | (7,63,590) |
| | वर्ष के दौरान लाभ | 1,04,660 |

## *11.3.2 अवस्था विवरण एवं तुलन-पत्र में अन्तर*

अवस्था विवरण एवं तुलन–पत्र दोनों किसी एक तिथि को एक व्यावसायिक इकाई की परिसंपत्तियों एवं देयताओं को दर्शाती है। हालांकि दोनों में कुछ आधार भूत अन्तर है। अवस्था विवरण अपूर्ण अभिलेखों की सहायता से तैयार होता है जिनमें अधिकांश परिसंपत्तियों का अभिलेखन अनुमान पर आधारित होता है। जबकि तुलन–पत्र द्वि–अंकन प्रणाली के आधार पर तैयार अभिलेखों से तैयार किया जाता है तथा सभी परिसंपत्तियों की सत्यता की खाता बही से जांच की जा सकती है। इसीलिए तुलन–पत्र अवस्था विवरण की तुलना में अधिक विश्वसनीय है। अवस्था विवरण बनाने का उद्देश्य किसी एक तिथि को पूँजी खाते का शेष जानना है। जबकि तुलन–पत्र एक विशेष तिथि को व्यवसाय की वित्तीय स्थिति को जानने के लिए बनाया जाता है। एक अवस्था विवरण में परिसंपत्ति अथवा देयता की कोई मद छूट सकती है इसका ज्ञान भी नहीं होगा क्योंकि इसके प्रभाव का पूँजी के शेष में समायोजन हो जाएगा तथा अवस्था विवरण के दोनों ओर के जोड़ो का मिलान हो जाएगा। हालांकि तुलन–पत्र में किसी मद के छूट जाने की संभावना बहुत कम होती है क्योंकि ऐसा होने पर तुलन–पत्र का मिलान नहीं होगा तथा लेखाकार लेखांकन अभिलेखों से छूट गई मद को ढूँढ निकालेगा।

इन अन्तरों को नीचे दी गई सारणी में दर्शाया गया है:

| *अन्तर का आधार* | *अवस्था विवरण* | *तुलन–पत्र* |
|---|---|---|
| विश्वसनीयता | यह कम विश्वसनीय है क्योंकि इसे अपूर्ण प्रलेखों से बनाया जाता है। | यह अधिक विश्वसनीय है क्योंकि इसे द्विअंकन विधि द्वारा तैयार किया जाता है। |
| उद्देश्य | अवस्था विवरण बनाने का उद्देश्य किसी तिथि विशेष को पूँजी शेष का अनुमान लगाना है। | यह किसी तिथि विशेष को इकाई की सत्य वित्तीय स्थिति को दर्शाता है। |
| छूटी गई मदें | परिसंपत्तियों अथवा देयताओं से संबंधित छूटी गई मदों को ढूंढना जटिल होता है। | परिसंपत्तियों और देयताओं से संबंधित छूटी गई मदों को सरलता से ढूढ़ा जा सकता है। |

**प्रदर्श 11.3:** *अवस्था विवरण और तुलन–पत्र की तुलना*

© NCERT not to be republished

**स्वयं करें**

अपने क्षेत्र के किसी छोटे दुकानदार को ढूँढें तथा उसके द्वारा लेखांकन अभिलेखों के संबंध में पूछें, यदि वह इन अभिलेखों को द्विअंकन प्रणाली से नहीं रख रहा है तो इसके कारण जानकार सूचिबद्ध करें तथा उससे पूछें कि वह लाभ–हानि की गणना किस प्रकार से करता है।

## 11.4 व्यापार एवं लाभ–हानि खाता तथा तुलन–पत्र तैयार करना

व्यापारिक और लाभ व हानि खाता तथा तुलन–पत्र बनाने के लिए व्यय, आय, परिसंपत्तियों एवं देयताओं की पूरी सूचना की आवश्यकता होती है। अधूरे अभिलखों में लेनदार, नकद क्रय, देनदार, नकद विक्रय, अन्य नकद भुगतान एवं नकद प्राप्ति आदि कुछ मदों का विस्तृत ब्योरा सरलता से प्राप्त हो जाता है। लेकिन कुछ मदें ऐसी भी हैं जिनका निर्धारण परोक्ष रूप से द्वि–अंकीय तर्क पर किया जाता है। वे अधिकांश साध ारण मदें जो छूट गई हैं अथवा जिन्हें ज्ञात करना है, निम्न हैं:

- आरम्भिक पूँजी
- उधार क्रय
- उधार विक्रय
- देय विपत्र
- प्राप्त प्राप्य विपत्र
- लेनदारों को भुगतान
- देनदारों को भुगतान
- अन्य कोई रोकड़/बैंक संबंधित भेद

आप जानते है कि अरंम्भिक पूँजी को वर्ष के प्रारम्भ अवस्था विवरण तैयार कर ज्ञात किया जा सकता है। आगे हमने समझाया है कि हम कुल देनदार एवं कुल लेनदार, कुल प्राप्य बिल एवं कुल देय बिल खातों एवं रोकड़ बही सारांश की मदद से अनुपलब्ध राशियों का निर्धारण किया जा सकता है।

### *11.4.1 उधार क्रय निर्धारण*

अपूर्ण अभिलेखों में समान्यता उधार क्रय के डाटा नहीं होते हैं। यह भी संभव है कि लेनदारों से संबंधित कुछ अन्य सूचनाएँ भी अनुपलब्ध हैं अतः कुल लेनदार खाता बनाने पर (जिसे चित्र सं. 11.4 में दर्शाया गया है) उधार क्रय या लेनदारों से संबंधित अन्य अनुपलब्ध डाटों का शेष के रूप में निर्धारण किया जाता सकता है।

© NCERT not to be republished

**कुल लेनदार खाता**

**नाम** **जमा**

| *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि* | *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रोकड़ भुगतान<br>बैंक (चैक दिये)<br>देय विपत्र<br>(स्वीकृत विपत्र)<br>प्राप्त बट्टा<br>क्रय वापसी<br>शेष आ/ले | | | | आरम्भिक शेष<br>बैंक (अनादृत रोकड़)<br>देय विपत्र (अनादृत विपत्र)<br>उधार क्रय | | |
| | | | | | | | |

**प्रदर्श 11.4:** *लेनदार खाते का प्रारूप*

उदाहरण के लिये निम्न लेन-देन किसान फूड सप्लाई से संबंधित है:

| | रु. |
|---|---|
| लेनदारों का आरंभिक शेष | 40,000 |
| लेनदारों का अंतिम शेष | 50,000 |
| रोकड़ का भुगतान | 85,000 |
| प्राप्त बट्टा | 2,000 |

कुल लेनदार खाता निम्न प्रकार बनाया जायेगा:

**किशन फूड सप्लाई की पुस्तकें**

**कुल लेनदार खाता**

**नाम** **जमा**

| *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि* | *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रोकड़<br>बट्टा<br>अंतिम शेष | | 85,000<br>2,000<br>50,000 | | आरम्भिक शेष<br>उधार क्रय (शेष राशि) | | 40,000<br>97,000 |
| | | | 1,37,000 | | | | 1,37,000 |

### *11.4.2 उधार विक्रय का निर्धारण*

अपूर्ण अभिलेखों में उधार विक्रय आंकड़े उपलब्ध नहीं होते हैं। देनदारों से संबंधित कुछ अन्य सूचनायें अनुपलब्ध हो सकती हैं। अत: कुल देनदार खाता बनाने पर (जिसे चित्र 11.5 में दर्शाया गया है) उधार विक्रय को अन्य अनुपलब्ध आंकड़ों की शेष के रूप में गणना की जा सकती है।

© NCERT not to be republished

## कुल देनदार खाता

**नाम** **जमा**

| तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि | तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | शेष आ/ला<br>प्राप्य विपत्र (अनादृत)<br>बैंक (चैक अनादृत)<br>उधार विक्रय<br>(शेष राशि) | | | | रोकड़ (प्राप्त रोकड़)<br>बैक (प्राप्त चैक)<br>बट्टा दिया<br>डूबत ऋण<br>प्राप्य विपत्र (प्राप्त विपत्र)<br>शेष आ/ले | | |
| | | | | | | | |

**प्रदर्श 11.5:** *देनदार खाते के प्रारूप*

निवल उधार विक्रय की गणना कुल उधार विक्रय में से विक्रय वापसी की राशि को घटाकर की जाती है। उदाहरण के लिये निम्न सूचनायें मोहन लाल टैडर्स की पुस्तकों से ली गई है:

| | रु. |
|---|---|
| 01 अप्रैल 2016 की देनदार | 50,000 |
| 31 मार्च 2017 को देनदार | 70,000 |
| देनदारों से प्राप्त धनधारी | 60,000 |
| प्रदत्त बट्टा | 1,000 |
| प्राप्य विपत्र | 30,000 |
| डूबत ऋण | 3,000 |

कुल देनदार खाता निम्न प्रकार बनाया जायेगा:

### मोहन लाल टेडर्स
### कुल देनदार खाता

**नाम** **जमा**

| तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि | तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2016 | शेष आ/ला | | 50,000 | 2017 | रोकड़ | | 60,000 |
| अप्रैल 01 | उधार विक्रय<br>(शेष राशि) | | 1,14,000 | 31<br>मार्च | बट्टा | | 1,000 |
| | | | | | प्राप्य विपत्र | | 30,000 |
| | | | | | अशोध्य ऋण | | 3,000 |
| | | | | | शेष आ/ले | | 70,000 |
| | | | 1,64,000 | | | | 1,64,000 |

© NCERT not to be republished

### 11.4.3 प्राप्य विपत्र व देय विपत्र का निर्धारण

कई बार प्राप्य विपत्र और देय विपत्रों से सम्बंधित विस्तृत विवरण उपलब्ध होते हैं। किन्तु वर्ष भर में प्राप्त एवं स्वीकृत विपत्रों के आकड़े अनुपलब्ध होते हैं, ऐसी स्थिति में कुल प्राप्त विपत्र खाता और देय विपत्र खाता तैयार करके शेष के रूप में अनुपलब्ध आकड़ों की गणना की जा सकती है कुल प्राप्य विपत्र खाता और कुल देय विपत्र खाते का प्रारूप चित्र संख्या 11.6 और 11.7 में दर्शाया गया है।

**कुल प्राप्य विपत्र खाता**

**नाम** **जमा**

| *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि (रु.)* | *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | शेष आ/ला<br>विवध देनदार<br>(विपत्र प्राप्त) | | | | बैंक<br>विविध देनदार<br>(आनदृत विपत्र)<br>अंतिम शेष आ/ले | | |
| | | | | | | | |

**प्रदर्श 11.6:** *प्राप्य विपत्र खाते का प्रारूप*

**कुल देय विपत्र खाता**

**नाम** **जमा**

| *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि (रु.)* | *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बैंक (विपत्र परिपक्व)<br>विविध लेनदार<br>(आनदृत विपत्र)<br>शेष आ/ले | | | | शेष आ/ला<br>विवध लेनदार<br>(विपत्र स्वीकृत) | | |

**प्रदर्श 11.7:** *देय विपत्र का प्रारूप*

उदाहरण के लिए निम्नलिखित आंकड़े मै. एस. एस सेनापति की पुस्तकों से प्राप्त किये गये हैं:

| | *रुपये* |
|---|---|
| आरंभिक प्राप्य विपत्र | 5,000 |
| आरंभिक देय विपत्र | 37,500 |
| प्राप्य विपत्र अनादृत | 2,000 |
| देय विपत्र अनादृत | 66,750 |
| अंतिम देय विपत्र | 52,500 |
| वर्ष के दौरान संग्रहित विपत्र | 12,000 |
| अंतिम प्राप्य विपत्र | 4,000 |

प्राप्य विपत्र खाता व देय विपत्र खाता इस प्रकार बनाया जायेगा:

**कुल प्राप्य विपत्र खाता**

**नाम** **जमा**

| *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि (रु.)* | *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | शेष आ/ला | | 5,000 | | विविध देनदार (विपत्र अनादृत) | | 2,000 |
| | विविध देनदार (विक्रय प्राप्त) (शेष राशि) | | 13,000 | | बैंक विपत्र संग्रहित | | 12,000 |
| | | | | | शेष आ/ले | | 4,000 |
| | | | 18,000 | | | | 18,000 |

**कुल देय विपत्र खाता**

**नाम** **जमा**

| *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि (रु.)* | *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | विपत्र अनादृत | | 66,750 | | शेष आ/ले | | 37,500 |
| | शेष आ/ले | | 52,500 | | विविध लेनदार (विपत्र स्वीकृत) (शेष राशि) | | 81,750 |
| | | | 1,19,250 | | | | 1,19,250 |

**स्वयं जाँचिये - 1**

सही उत्तर पर निशान लगायें:

1. अपूर्ण अभिलेखन विधि पुस्त–पालन:
   (क) वैज्ञानिक है (ख) अवैज्ञानिक है
   (ग) अव्यवस्थित है (घ) दोनों (ख) और (ग) हैं
2. आरम्भिक पूँजी का निर्धारण खाता बना कर होता है:
   (क) कुल देनदार खाता (ख) कुल लेनदार खाता
   (ग) रोकड़ खाता (घ) आरंम्भिक अवस्था विवरण
3. वर्ष के दौरान उधार क्रय की गणना किस खाते को बना कर की जाती है:
   (क) कुल लेनदार खाता (ख) कुल देनदार खाता
   (ग) रोकड़ खाता (घ) आरंभिक अवस्था विवरण
4. यदि आरम्भिक पूँजी 60.000 रूपये, आहरण 5,000 रूपये, सत्र के अतिरिक्त पूँजी 10,000 रुपये, अंतिम पूँजी 90,000 रूपये है तो वर्ष के दौरान कमाया गया लाभ होगा:
   (क) 20,000 रुपये (ख) 25,000 रुपये
   (ग) 30,000 रुपये (घ) 40,000 रूपये

© NCERT not to be republished

### *11.4.4 रोकड़ पुस्तक के सारांश द्वारा अनुपलब्ध सूचनाओं का निर्धारण*

कभी–कभी लेनदारों को भुगतान की गई राशि या देनदारों से प्राप्त राशि या रोकड़ का आरंम्भिक अथवा अंतिम शेष अथवा बैंक शेष अनुपलब्ध हो सकता है। प्राप्ति तथा भुगतान संबंधी अनुपलब्ध मदों का निर्धारण हम रोकड़ पुस्तक के संरांश जो कि वर्ष के दौरान सभी प्राप्ति एवं भुगतान की मदों की शेष राशि को दर्शाता है, कर सकते हैं।

यद्यपि लेनदारों को भुगतान और देनदारों से प्राप्त दोनों राशि अनुपलब्ध हैं तब ऐसी स्थिति में लेनदार अथवा देनदार खाता तैयार कर लुप्त राशियों का निर्धारण किया जा सकता है। जैसा की पहले बताया जा चुका है, अन्य अनुपलब्ध राशियों का निर्धारण रोकड़ पुस्तक सारांश के द्वारा किया जा सकता है।
अनुपलब्ध सूचना प्राप्त हो जाने के बाद अंतिम खातों को सीधे तैयार किया जा सकता है अथवा तलपट बनाने के पश्चात किया जा सकता है। तलपट के विभिन्न अवयवों और उनके सूचना स्त्रोतों का सारांश नीचे दिया गया है:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अंतिम परिसंपत्तियाँ (स्टाक के अतिरिक्त) और दायित्व | अंतिम सूची से |
| 2. | आरंभिक परिसंपत्तियाँ (जिसके आरम्भिक | स्टॉक भी सम्मलित है) और दायित्व आरंभिक सूची से |
| 3. | क्रय | कुल लेनदार खातों से उधार क्रय और रोकड़ पुस्तक सारांश से नकद क्रय और रोकड़ सारांश से नकद क्रय से |
| 4. | विक्रय | कुल देनदार खातों से उधार विक्रय और रोकड़ पुस्तक सारांश से नकद विक्रय से |
| 5. | आरम्भिक पूँजी | आरम्भिक अवस्था विवरण से |
| 6. | व्यय और आगम | रोकड़ सारांश के अनुसार सहायक सूचनाओं से |
| 7. | हानियाँ और अधिलाभ | समस्त खातों तथा विखरी सूचनाओं से |
| 8. | प्राप्त प्राप्य विपत्र | कुल प्राप्य विपत्र खातों से |
| 9. | स्वीकृत देय विपत्र | कुल देय विपत्र खातों से |
| 10. | रोकड़/बैंक शेष | रोकड़ पुस्तक सारांश से |

**प्रदर्श 11.8:** *अनुपलब्ध सूचनाओं को ज्ञात करना*

© NCERT not to be republished

*उदाहरण 3*

निम्न सूचनाओं द्वारा 31 मार्च 2017 को समाप्त होने वाले के लिये श्री अमित की कुल क्रय और कुल विक्रय की गणना करें:

| कुल | राशि (रु.) |
|---|---|
| 10 अप्रैल 2016 को कुल देनदार | 40,000 |
| 01 अप्रैल 2016 को लेनदार | 50,000 |
| 01 अप्रैल 2016 को प्राप्य विपत्र | 30,000 |
| 01 अप्रैल 2016 देय विपत्र | 45,000 |
| बट्टा प्राप्त | 5,000 |
| डूबत ऋण | 2,000 |
| विक्रय वापसी | 4,000 |
| बट्टा प्रदत्त | 3,000 |
| नकद विक्रय | 10,000 |
| नकद क्रय | 8,000 |
| 31 मार्च 2017 को कल देनदार | 80,000 |
| देनदारों से प्राप्त राशि | 25,000 |
| लेनदारों को नकद भुगतान | 80,000 |
| प्राप्य विपत्र का भुगतान | 40,000 |
| 31 मार्च 2017 को कुल लेनदार | 40,000 |
| 31 मार्च 2017 को देय विपत्र | 50,000 |
| 31 मार्च 2017 को प्राप्य विपत्र | 35,000 |

*हल*

**कुल प्राप्य विपत्र खाता**

**नाम** **जमा**

| *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि (रु.)* | *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | शेष आ/ला | | 30,000 | | रोकड़ | | 25,000 |
| | कुल देनदार (शेष राशि) | | 30,000 | | शेष आ/ले | | 35,000 |
| | | | 60,000 | | | | 60,000 |

© NCERT not to be republished

**कुल देय विपत्र खाता**

**नाम** **जमा**

| तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि (रु.) | तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रोकड़ | | 40,000 | | शेष आ/ला | | 45,000 |
| | शेष आ/ले | | 50,000 | | कुल लेनदार (शेष राशि) | | 45,000 |
| | | | 90,000 | | | | 90,000 |

**कुल देनदार खाता**

**नाम** **जमा**

| तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि (रु.) | तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | शेष आ/ला | | 40,000 | | डूबत ऋण | | 2,000 |
| | विक्रय | | 1,79,000 | | विक्रय वापसी | | 4,000 |
| | (शेष राशि) | | | | प्रदत्त बट्टा | | 3,000 |
| | | | | | रोकड़ | | 1,00,000 |
| | | | | | प्राप्य विपत्र | | 30,000 |
| | | | | | शेष आ/ले | | 80,000 |
| | | | 2,19,000 | | | | 2,19,000 |

**कुल लेनदार खाता**

**नाम** **जमा**

| तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि (रु.) | तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्राप्त बट्टा | | 5,000 | | शेष आ/ले | | 50,000 |
| | रोकड़ | | 80,000 | | (क्रय उधार) | | 1,20,000 |
| | देय विपत्र (खाते से हस्तांतरित) | | 45,000 | | (शेष राशि) | | |
| | शेष आ/ले | | 40,000 | | | | |
| | | | 1,70,000 | | | | 1,70,000 |

***टिप्पणी (कार्यवाही)***

*(1) उधार क्रय की गणना कुल लेनदार खाते से 1,20,000 रु. की गई है। नकद खरीद 8,000 रु. दी गई है। कुल खरीद 1,20,000 रु. + 8,000 रु. = 1,28,000 रु. होगी।*

*(2) उधार विक्रय की गणना कुल देनदार खाते से 1,79,000 रु. की गई है। नकद विक्रय 10,000 रु. दिया गया है। कुल विक्रय 1,79,000 रु. + 10,000 रु. = 1,89,000 रु.*

*उदाहरण 4*

सुधा से प्राप्त सूचनाओं के द्वारा शुद्ध विक्रय की गणना करें:

| | रुपये |
|---|---|
| 1 अप्रैल 2016 को देनदार | 65,000 |
| 31 मार्च 2017 को देनदार | 50,000 |
| 1 अप्रैल 2016 को प्राप्य विपत्र का आरंभिक शेष | 23,000 |
| 31 मार्च 2017 को प्राप्य विपत्र का अंतिम शेष | 29,000 |
| विपत्र का अन्तिम शेष देनदारों से नकद प्राप्ती | 3,02,000 |
| प्रदत्त बट्टा | 8,000 |
| प्राप्य विपत्र से नकद प्राप्ती | 21,000 |
| डूबत चरण | 14,000 |
| प्राप्य विपत्र (अनादृत) | 20,000 |
| नकद विक्रय | 2,25,000 |
| विक्रय वापसी | 17,000 |

**सुधा की पुस्तकें**

**कुल प्राप्य विपत्र खाता**

**नाम** **जमा**

| *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि (रु.)* | *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2016 अप्रैल 01 | आरंभिक शेष<br>देनदार (प्राप्त विपत्र) (शेष राशि) | | 23,000<br>47,000 | 2017 मार्च 31 | नकद (विपत्र भुगतान)<br>प्राप्य विपत्र (अनादृत)<br>अन्तिम शेष | | 21,000<br>20,000<br>29,000 |
| | | | 70,000 | | | | 70,000 |

**कुल देनदार खाता**

**नाम** **जमा**

| *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि (रु.)* | *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2016 अप्रैल 01 | आरंभिक शेष<br>प्राप्य विपत्र (अनादृत)<br>विक्रय (शेष राशि) | | 65,000<br>20,000<br>3,53,000 | 2017 मार्च 31 | नकद प्राप्ती<br>बट्टा प्रदत्त<br>विक्रय वापसी<br>डूबत ऋण<br>प्राप्य विपत्र (प्राप्य विपत्र खाते से हस्तांतरित)<br>अंतिम शेष | | 3,02,000<br>8,000<br>17,000<br>14,000<br>47,000<br>50,000 |
| | | | 4,38,000 | | | | 4,38,000 |

*(कार्यवाही टिप्पणी)*

शुद्ध विक्रय की गणना कुल देनदार और प्राप्य विपत्र खातों से निम्न प्रकार करेंगे:

शुद्ध विक्रय = नकद विक्रय उधार विक्रय – विक्रय वापसी

= 2,25,000 रु. + 3,53,000 रु. – 17,000 रु.

= 5,61,000 रु.

*उदाहरण 5*

ओमप्रकाश की लेखा पुस्तकें द्वि-अंकन बही खाता प्रणाली पर आधारित तुलन-पत्र नहीं है। 31 मार्च, 2017 को उसके प्रलेखों से उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर लाभ-हानि खाता और तुलन-पत्र तैयार कीजिए। धुलाई उपकरण पर 10% की दर से ह्रास लगाएं।

**रोकड़ पुस्तक का सारांश**

**नाम** **जमा**

| *प्राप्तियां* | *राशि (रु.)* | *भुगतान* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|
| आरंभिक शेष आ/ला | 8,000 | नकद क्रय | 14,000 |
| नकद विक्रय | 40,000 | लेनदारों को भुगतान | 20,000 |
| देनदारों से प्राप्तियाँ | 30,000 | विविध व्यय | 6,000 |
| | | भाड़ा | 2,000 |
| | | आहरण | 8,000 |
| | | शेष आ/ले | 28,000 |
| | 78,000 | | 78,000 |

अन्य सूचनाएँ:

**31 मार्च, 2017**

| | *31 मार्च 2016* | *31 मार्च 2017* |
|---|---|---|
| देनदार | 9,000 | 12,000 |
| लेनदार | 14,400 | 6,800 |
| सामग्री का स्टॉक | 10,000 | 16,000 |
| धुलाई उपकरण | 40,000 | 40,000 |
| फर्नीचर | 3,000 | 3,000 |
| वर्ष के दौरान बट्टा दिया | – | 1,400 |
| वर्ष के दौरान प्राप्त बट्टा | | 1,700 |

© NCERT not to be republished

*हल*

**ओम प्रकाश की पुस्तकें**

**31 मार्च 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापारिक और लाभ व हानि खाता**

| *भुगतान* | *राशि (रु.)* | *प्राप्तियां* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|
| आरम्भिक स्टॉक | 10,000 | विक्रय | 74,400 |
| क्रय | 28,100 | अंतिम स्टॉक | 16,000 |
| भाड़ा | 2,000 | | |
| सकल आ/ले | 50,300 | | |
| | 90,400 | | 90,400 |
| विविध व्यय | 6,000 | सकल लाभ/ला | 50,300 |
| बट्टा दिया | 1,400 | प्राप्त बट्टा | 1,700 |
| ह्रास | 4,000 | निवल लाभ | 40,600 |
| | 52,000 | | 52,000 |

**31 मार्च 2017 को तुलन-पत्र**

| *दायित्व* | | *राशि रु.* | *परिसंपत्तियाँ* | | *राशि रु.* |
|---|---|---|---|---|---|
| पूँजी | 55,600 | | धुलाई उपकरण | 40,000 | |
| *जोड़ाः* निवल लाभ | 40,600 | | *घटायाः* ह्रास | (4,000) | 36,000 |
| *घटायाः* आहरण | 96,200 | | फर्नीचर | | 3,000 |
| | (8,000) | 88,200 | सामग्री का स्टॉक | | 16,000 |
| लेनदार | | 6,800 | देनदार | | 12,000 |
| | | | रोकड़ | | 28,000 |
| | | 95,000 | | | 95,000 |

*कार्यवाही टिपप्णी:*

**कुल देनदार खाता**

**नाम** **जमा**

| *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि* | *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आरंभिक शेष | | 9,000 | | नकद | | 30,000 |
| | विक्रय (उधार) | | 34,400 | | बट्टा दिया | | 1,400 |
| | | | | | शेष आ/ले | | 12,000 |
| | | | 43,400 | | | | 43,400 |

© NCERT not to be republished

**कुल लेनदार खाता**

**नाम** **जमा**

| *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि* | *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रोकड़ | | 20,000 | | आरम्भिक शेष | | 14,400 |
| | प्राप्त बट्टा | | 1,700 | | क्रय (उधार) | | 14,100 |
| | शेष आ/ले | | 6,800 | | (शेष राशि) | | |
| | | | 28,500 | | | | 28,500 |

**31 मार्च 2016 को अवस्था विवरण**

| *विवरण* | *राशि रु.* | *विवरण* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 14,400 | धुलाई उपकरण | 40,000 |
| पूंजी (शेष राशि) | 55,600 | फर्नीचर | 3,000 |
| | | सामग्री का स्टॉक | 10,000 |
| | | देनदार | 9,000 |
| | | नकद | 8,000 |
| | 70,000 | | 70,000 |

*उदाहरण 6*

श्रीमति सुरभि ने 1 अप्रैल 2016 को नकद 50,000 रुपये, फर्नीचर 1,000 रुपये माल 2,000 रुपये और मशीनरी 20,000 रुपये से व्यापार आरम्भ किया। वर्ष के दौरान उन्होंने अपने व्यापार में 20,000 रु. की नई पूँजी बैंक खाता खोलकर लगाई। उनकी पुस्तकों से प्राप्त सूचनाओं के आधार के आधार पर आय 31 मार्च 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए अंतिम खाते तैयार कीजिए।

| | |
|---|---|
| देनदारों से प्राप्तियां | 57,500 |
| नकद विक्रय | 45,000 |
| नकद क्रय | 25,000 |
| मजदूरी का भुगतान | 5,000 |
| कर्मचारियों का वेतन | 17,500 |
| व्यापारिक व्यय | 6,500 |
| कारखाने का बिजली बिल | 7,500 |
| सुरभि द्वारा आहरण | 3,000 |
| लेनदारों को भुगतान | 42,000 |

| | |
|---|---|
| बट्टा दिया | 1,200 |
| प्राप्त बट्टा | 3,000 |
| डूबत ऋण अपलिखित | 1,300 |
| वर्ष के अन्त में नकद शेष | 20,000 |

श्रीमति सुरभि ने 2,500 रूपये मूल्य के माल का निजी प्रयोग किया जो कि पुस्तकों में दर्ज नहीं हुआ। फरनीचर पर 10% तथा मशीनरी पर 20% प्रतिवर्ष का ह्रास लगाया।

31 मार्च 2017 को देनदार 70,000 और लेनदार 35,000। इस तिथि को व्यापारिक स्टॉक 25,000 रुपये है।

*हल*

**श्रीमती सुरभि की पुस्तकें**
**31 मार्च 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापारिक और लाभ व हानि खाता**

| *व्यय/हानि* | | *राशि (रु.)* | *आगम/अधिलाभ* | | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| आरम्भिक स्टॉक | | 20,000 | विक्रय (नकद) | | 45,000 |
| क्रय–नकद | 25,000 | | उधार | 1,30,000 | 1,75,000 |
| उधार | 80,000[2] | | | | |
| | 1,05,000 | | अंतिम स्टाक | | 25,000 |
| *घटाया:* माल का निजी उपयोग | (2,500) | 1,02,500 | | | |
| मजदूरी | | 5,000 | | | |
| कारखाने का बिजली बिल | | 7,500 | | | |
| सकल लाभ आ/ले | | 65,000 | | | |
| | | 2,00,000 | | | 2,00,000 |
| वेतन | | 17,500 | सकल लाभ आ/ला | | 65,000 |
| व्यापारिक व्यय | | 6,500 | प्राप्त बट्टा | | 3,000 |
| बट्टा दिया | | 1,200 | | | |
| अशोध्य ऋण | | 1,300 | | | |
| ह्रास : | | | | | |
| फर्नीचर | 1,000 | | | | |
| मशीन | 4,000 | 5,000 | | | |
| निवल लाभ | | 36,500 | | | |
| पूंजी खाते में हस्तांतरित) | | | | | |
| | | 68,000 | | | 68,000 |

© NCERT not to be republished

**31 मार्च 2017 को श्रीमति सुरभि का तुलन-पत्र**

| *दायित्व* | | *राशि (रु.)* | *परिसम्पत्तियां* | | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 35,000 | रोकड़ | | 20,000 |
| पूंजी | 1,00,000 | | बैंक | | 13,000 |
| *जोड़ा:* निवल लाभ | 36,500 | | स्टॉक | | 25,000 |
| | 1,36,500 | | देनदार | | 70,000 |
| *जोड़ा:* अतिरिक्त पूँजी | 20,000 | | फर्नीचर | 10,000 | |
| | 1,56,500 | | *घटाया:* ह्रास | (1,000) | 9,000 |
| *घटाया* आहरण | | | मशीनरी | 20,000 | |
| रोकड़ 36,000 | | | *घटाया:* ह्रास | (4,000) | 16,000 |
| माल 2,500 | (38,500) | 1,18,000 | | | |
| | | 1,53,000 | | | 1,53,000 |

*कार्यकारी टिप्पणी:*

**(क) कुल देनदार खाता**

**नाम** **जमा**

| *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि* | *तिथि* | *विवरण* | *रो.पृ.सं.* | *राशि* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
